हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024



14-JUN-JSP-BHOOMI-pg 2-FULL PAGE_Layout 1 6/14/2024 8:12 PM Page 1




# हरिभूमि बिलासपुर के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

**जिला शिक्षा अधिकारी**
जशपुर

**वन मण्डलाधिकारी, वन मण्डल**
जशपुर

**सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय**
जशपुर

**सहायक संचालक रेशम विभाग**
जशपुर

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
जशपुर

**उप संचालक पशु चिकित्सा**
जशपुर

**कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
जशपुर

**कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी**
जशपुर

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
जनपद पंचायत , जशपुर

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला बाल विकास, जशपुर






प्रवेश सूचना

BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा

DXRT (2 years) एक्स-रे टेक्नीशियन | O.T. (2 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन

D.Pharma (2 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक

साव्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000


## खबर संक्षेप

### लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन 18 को बगिया में

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशानुसार आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 18 जून 2024 दिन मंगलवार को लर्निंग लायसेंस शिविर (कैम्प) का आयोजन ग्राम बगिया में किया गया है। परिवहन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी भी लोकसेवा केन्द्र व च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम सन्ना निवासी सुखदेव राम का डबरी के पानी में डुबने से 08 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक की ना.बा. पुत्री सोनिया संरक्षक मृतक की माता धनिया बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### विद्युत अव्यवस्था सुधारने सरकार ने दिखाई सख्ती

# विभाग के दो सहायक यंत्री निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले मे विद्युत व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। जिले के कुनकुरी ब्लाक के विद्युत विभाग के सहायक यंत्री आरएन साहू और कनिष्ठ यंत्री दिनेश को विद्युत विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित सहायक और कनिष्ठ यंत्री पर कार्य में लापरवाही और उच्च अधिकारियो के निर्देशों की अवहेलना का आरोप लगा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन

- कार्य में लापरवाही व निर्देशों की अवहेलना का आरोप



कम्पनी लिमिटेड अंबिकापुर के मुख्य अभियंता द्वारा जारी किए गए आदेश मे निलंबन अवधि के दौरान सहायक यंत्री साहू का मुख्यालय बैकुंठपुर और कनिष्ठ यंत्री दिनेश का बलरामपुर कार्य स्थल निर्धारित किया गया है। कुनकुरी क्षेत्र मे विद्युत व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पाटन के कनिष्ट यंत्री मनीष आडिल को दी गई है। विद्युत विभाग मे हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने जशपुर जिले सहित पूरे प्रदेश मे विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए है। वहीं जशपुर मे आंधी तूफान से प्रभावित हो रही बिजली आपूर्ति के जल्द से जल्द बहाल करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी इन दिनों मिशन मोड मे 24 घंटे काम कर रहे है। इस कार्रवाई के माध्यम से सरकार ने लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# सिस्टम में बदलाव, केवल ऑनलाइन जमा होंगे बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अब कोषालय एवं उप कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। याने मेनूअली कोई बिल जमा नहीं होगा, इसके लिए वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचना दे दिया है।

- ट्रेजरी की ओर से दी गई डीडीओ को जानकारी

इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों सेल्फ डीडीओ को छोड़कर के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने के लिए समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री उपलब्ध हो। साथ ही साथ वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) भी आवश्यक होगा। कोषालय एवं उप कोषालयों में देयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया इस तरह से किया जा सकता है। इसमें आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल मॉड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार किए जायेंगे तथा डीएससी का उपयोग करने के बाद देयकों को कोषालय को अग्रेषित किया जाएगा। ई- पेरोल में सिस्टम से जनरेटेड होने वाले शेड्यूल में प्रत्येक में डीएससी तथा ई-बिल में एक डीएससी आवश्यक होगा। यदि पे-बिल के साथ कोई डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाना है, तो साइन्ड डाक्यूमेंट पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किया जाएगा, जिसमें डीएससी आवश्यक नहीं होगा। देयकों को तैयार करने के लिए मेकर ⏭ शेष पेज 4 पर

### सिस्टम में किया जाएगा दस्तावेज अपलोड

ई-पेरोल के अलावा अन्य सभी देयकों के लिए देयक में एक डीएससी तथा सभी संलग्नक उप प्रमाणक को स्कैनिंग कर अपलोड किया जाना होगा। इसमें डीएससी अनिवार्य नहीं होगा। यदि एक फाइल का साईज 5 एमबी से अधिक है तो फाइल साइज को कम्प्रेस कर अपलोड किया जाना होगा, कम्प्रेस करने हेतु ऑनलाईन उपलब्ध किसी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है। अथवा देयकों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। सभी अटेचमेंट पीडीएफ फार्मेट में ही अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

### राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार के लिए 30 जून तक आवेदन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्राक्षिकों, निर्णायको को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। खेल व युवा युवा कल्याण विभाग ने खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया है। शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार हेतु रूपये 03 लाख, शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु रूपये 01 लाख 50 हजार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु रूपये 01 लाख 50 हजार, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं पंकज विक्रम सम्मान हेतु रूपये 25-25 हजार नगद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

# ग्राम पंचायत बोकी बरटोली में पीडीएस घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत बोकी बरटोली में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इकठ्ठे होकर सरपंच शांति रानी कुजुर के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए मीटिंग कर रहे थे।

ग्रामीणों का कहना था,कि सरपंच व उसके पति ही पूरे ग्राम पंचायत के पीडीएस का चावल और अन्य वस्तुओं का वितरण करते है। ग्रामवासियों का कहना है,कि सरपंच द्वारा मात्र 20 किलो चावल देकर हमारे राशन कार्ड में 35 किलो का एंट्री किया जा रहा है। ये सिलसिला पिछले 4 महीने से चल रहा है। शक्कर और चना देते नहीं लेकिन ग्रामीणों से उसका पैसा ले लेते है। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर कहा जाता है कि आगे एडजस्ट कर लिया जाएगा। इस तरह 4 महीने में लाखों रुपए का पीडीएस घोटाला हो चुका है। हरिभूमि की टीम जब ग्रामीणों के बीच पहुंचकर पूरा मामला जानने के बाद सरपंच को उनके बीच बुलाने की कोशिश की,लेकिन सरपंच का स्पष्ट जवाब था,कि वह नहीं आ सकती और न ही इस बारे में कोई बात करेगी।

### अब तक 7 लाख का घोटाला

बोंकी बरटोली ग्राम पंचायत में लगभग 450 कार्ड धारी परिवार निवासरत है। सरपंच द्वारा प्रति कार्ड 15 किलो चावल की बचत की जा रही है। बताते है कितने का है गणित 15 किलो 450 कार्ड 6750 किलो प्रति माह 6750 किलो 4 माह 27000 किलो बाजार मे किमत 27000 किलो 25 रूपए प्रति किलो 675000, 1 किलो चीनी 2 किलो चना का कीमत 30 रपए प्रति कार्ड 450 कार्ड 30 रुपए प्रति 13500 मतलब 6 लाख 88 हजार 500 रु का घोटाला।



सरपंच के विरोध में एकत्रित ग्रामीण।

### क्या कहती हैं गांव की नारी शक्ति

1/ ग्राम बोंकी निवासी **खुशमती बाई** का कहना है कि सरकार द्वारा दिए जाने वाले राशन पर हमारा पूरा अधिकार है। दूसरी ओर सरपंच द्वारा हमें पूरा राशन नही दिया जा रहा है। इसी के विरोध में हम सब गांव वाले यहां एकत्रित हुए हैं। हमें हमारा हक मिलना चाहिए नहीं मिला तो हम इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से करेंगे।

2/ बोकी गांव की **भागवती बाई** का कहना है कि हमे मिलने वाले 35 किलो चावल में से केवल 20 किलो ही हमको मिलता है। चीनी और चना भी सरकार हमें देती है यह बात हम भूल ही गए हैं। चीनी व चना दिए बिना पैसा ले लेती है, पूछने पर समय आने पर देंगे कहती है।

3/ इसी गांव की **सुरमई बाई** का कहना है,कि सरकार ने हम गरीबों के लिए हर परिवार को 35 किलो चावल हर महीने दिया है लेकिन सरपंच पिछले 4 महीने से केवल 20 किलो चावल दे रही है। पूछने पर कहा जाता है, कि इतना ही शासन से आ रहा है चीनी और चना भी नही मिल रहा है पैसा जरूर ले लेती है।

### क्या कहना है गांव के किसानों का

1/ बोंकी निवासी **बहुरान राम** का कहना है, सरपंच 35 के बजाय 20 किलो चावल देकर हम गांव वालों को ठग रहीं है। हमको हमारा हक पूरा का राशन चाहिए इसी के लिए सभी गांव वाले यहां इकट्ठे हुए है। इसकी शिकायत ऊपर अधिकारी से करेंगे।

2/ गांव के राम प्रसाद का कहना है हमको मिलने वाला 35 किलो चावल पूरा चाहिए सरपंच अपने पति के साथ मिलकर गांव वालों को धोखा देने का काम कर रही है हम लोग बर्दास्त नही करेंगे।

3 / बोंकी के कीनू सिंह का कहना है अगर एक महीने की बात होती तो हम बर्दास्त कर लेते लेकिन ये सिलसिला पिछले 4 महिने से चल रहा है। 35 किलो चावल देकर 20 किलो देना और राशन कार्ड में 35 किलो लिखकर गांव के अनपढ़ लोगों का अंगूठा लगवाना सीधे सीधे हमको मिलने वाले राशन पर सरपंच का डाका है हम ऐसा नही होने देंगे।

### जांच कराई जाएगी

मेरे संज्ञान में भी ये बात आई है। यह सरासर गलत है। सरपंच का इस प्रकार का कृत्य निंदनीय है। इस तरह से कोई भी गरीब जनता का हक नहीं मार सकता है। उच्च अधिकारियों से बात कर इसकी जांच कराई जाएगी। अगर सरपंच दोषी पाई जाती है तो कड़ी करवाई की अनुसंसा की जायेगी

**सावित्री सिंह,** बीडीसी जशपुर

### बकाया राशन दिया जाएगा

आप के माध्यम से ये शिकायत मिली है। खाद्य निरीक्षक और नान के अधिकारियों की टीम बनाकर बोंकी बरटोली में कैंप लगाकर इसकी जांच की जाएगी। अगर सही पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी और गांव वालों को उनका बकाया राशन दिया जाएगा।

**मो.अलाउद्दीन**

सहा खाद्य अधिकारी जशपुर

























## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी बने नायर



**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल के नए प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने पदभार ग्रहण किया है। स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर एक अनुभवी और उच्च शिक्षित अधिकारी जाने जाते हैं। उन्होंने भौतिक विज्ञान में एमएससी तथा मौसम विज्ञान में पीजी डिप्लोमा हासिल की है। स्क्वाड्रन लीडर नायर एक क्वालिफाइड ग्राऊंड इंस्ट्रक्टर हैं तथा वायु सेना अकादमी हैदराबाद में अपनी सेवाएं प्रशिक्षक के रूप में दे चुके हैं। जेम्स नायर जम्मू कश्मीर, गुजरात एवं राजस्थान में फील्ड यूनिट में भी तैनात रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिबद्ध एवं उत्तम सेवा के लिए उन्हें वायु ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, ट्रेनिंग कमांड द्वारा 2022 में प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ है।

### सड़क सुरक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक 18 को

**अंबिकापुर।** सड़क सुरक्षा के संबंध में जिला स्तरीय समिति से संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 18 जून को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित की गई है। बैठक में आवश्यक जानकारी के साथ सर्वसंबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 19 से

**अंबिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि ऋणात्मक शेष अभिदाताओं के जीपीएफ पासबुक को अद्यतन कर ऋणात्मक शेष के संबंध में अन्य दस्तावेज सहित महालेखाकार रायपुर द्वारा 19 से 21 जून तक राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में आयोजित शिविर में कार्यालयीन समय में शाखा से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर अभिदाता के ऋणात्मक शेष का निराकरण करा सकते हैं।

### कुंवरपुर डेम में मिली महिला की लाश

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर स्थित कुंवर पुर डेम में एक महिला की लाश मिली है। महिला की लाश काफी पुरानी होने के कारण सड़ गई है। ऐसे में फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा लाश को मर्च्युरी में रखवाया गया है इसके साथ ही मृतका की पहचान की जा रही है।

### चोरी की नियत से एटीएम में तोड़फोड़

**अंबिकापुर।** लुंड्रा पीएचसी के सामने मौजूद एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी की नियत से एटीएम मशीन में तोड़फोड़ की लेकिन वे अपने मंसूबों में कामियाब नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि लुंड्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सेंट्रल बैंक का एटीएम मशीन लगा हुआ है। उक्त एटीएम मशीन में 12 जून को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की नियत से तोड़फोड़ की गई थी जिसके शिकायत राकेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा एटीएम मशीन कक्ष में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर ग्राम ससौली निवासी 19 वर्षीय महेश्वर उर्फ लकडू व एक अन्य नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने चोरी की नियत से गईता से तोड़फोड़ करने की बात स्वीकार की जिसपर पुलिस आरोपी युवक व नाबालिग को धारा 457, 380, 511, 427, 34 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## पेज 1 का शेष

### बिल सिस्टम में ...

बिल क्लर्क स्तर पर चेकर डीडीओ स्तर रखा गया है, जिसमें मेकर (बिल क्लर्क) द्वारा देयक तैयार कर चेक लिस्ट का परीक्षण किया जाएगा तथा चेकर (डीडीओ) द्वारा बीटीआर नं. बिल का परीक्षण तथा डीएससी किया जाएगा। कोषालय अधिकारी द्वारा संबंधित डीडीओ के लिए ऑनलाइन बीटीआर नंबर जारी किया जाएगा। इसी नंबर अनुसार देयक कोषालय में अग्रेषित किए जायेंगे। सभी डीडीओ द्वारा ऑनलाईन देयक की एक हार्डकापी निकालकर कार्यालय स्तर पर संधारित की जाएगी।

---

समाज की मुख्य धारा से जोड़ना आवश्यक

# पहाड़ी कोरवा परिवारों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं के ग्राम कंदरई (बलादरपाठ) में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा ओंकार यादव के द्वारा किया गया।

बैठक में शासन के महात्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं को महामहिम राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों विशेष पिछड़ी जनजाति पहाडी. कोरवाओं के द्वार तक शत-प्रतिशत पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया। पहाड़ी कोरवा परिवार अत्यंत दुर्गम स्थानों में निवासरत हैं, उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने लिए आवश्यक मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराना अति आवश्यक है। स्वच्छ पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, राशन, उनके आवास तक बिजली की व्यवस्था एवं समुचित स्वास्थ्य की व्यवस्था करने हेतु प्रतिबद्धता निश्चित की गयी। पहाड़ी कोरवा परिवार आज भी शिक्षा की मूल धारा से काफी दूर है, अतः उन्हें शिक्षा की मूल धारा में लाने हेतु जनजागरूकता की विशेष आवश्यकता है। इसके लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग से भी अपील किया गया कि वे भी समाज के इन अति पिछड़े जनजाति के अस्तिव की रक्षा के लिए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें।

**खास बातें**

- पीडीएस की समस्या से अवगत कराया गया
- पीडीएस दुकान खुलवाने का मिला आश्वासन

बैठक के दौरान ग्राम लेदरापाठ के पहाड़ी कोरवा किसानों द्वारा पी.डी.एस. दुकान की समस्या से अवगत कराया गया जिसे एस.डी.एम. बगीचा ओंकार यादव के द्वारा यथाशीघ्र निराकरण कर पी.डी.एस. दुकान खुलवाने का आश्वासन दिया गया साथ ही स्थापित पी.डी.एस. दुकानों द्वारा नियमानुसार चावल वितरण की समीक्षा किया गया और चावल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनके व्यक्तिगत नंबर पर अवगत करने का अनुरोध किया गया। जाति प्रमाण-पत्र के संबंध में तहसीलदार सन्ना एवं हल्का पटवारी को पहाड़ी कोरवाओं के जाति प्रमाण-पत्र तत्काल उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ विस्तार कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, किसान समृद्धि योजना, शाकम्भरी योजना, सोलर पंप स्थापना की पूरी जानकारी कृषकों को लगातार उपलब्ध करावें और उक्त योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लेने हेतु किसानों को हर संभव सहयोग करें। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा द्वारा उपस्थित 20 पहाड़ी कोरवा कृषकों को रागी बीज का वितरण किया गया।



पहाड़ी कोरवाओं के समस्या की जानकारी लेते अधिकारी।

इस बीच पहाड़ी कोरवा किसानों के द्वारा निःशुल्क अरहर बीज का मांग किये जाने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध होते ही तत्काल अरहर बीज वितरण किये जाने का आश्वासन दिया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील लकड़ा द्वारा सभा स्थल पर उपस्थित सभी पहाड़ी कोरवा कृषकों का परीक्षण कर औषधि वितरण किये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुये नाले व ढोढ़ी का गंदा पानी ना पीने व जमीन में ना सोने का सलाह दिया गया। अस्वस्थता की स्थिति में ओझा गुनिया के पास ना जाकर नजदीकी अस्पताल में ईलाज करवाने की अपील की गयी। गर्भवती महिलाओं को घर में प्रसव कराने का जोखिम ना लेकर अस्पताल में ही प्रसव कराने का परामर्श दिया गया।

मंडल संयोजक बगीचा द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आँगनबाड़ी में दर्ज कराने और 6 वर्ष के उपर के बच्चों को शत-प्रतिशत नजदीकी शालाओं में प्रवेश दिनाने का अनुरोध किया गया। एस.डी.एम. बगीचा द्वारा खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि वंचित परिवारों का यथाविधि सर्वे कर तत्काल राशन कार्ड जारी करें ताकि कोई भी परिवार राशन से वंचित ना रहें। इस हेतु तहसीलदार सन्ना को निर्देशित किया गया कि वंचित पहाड़ी कोरवाओं का आधार कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगाकर रोस्टर बनाकर तत्काल आधार कार्ड बनवायें जिसकी अनुमति जिले से प्राप्त करें। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा द्वारा विभागवार सभी योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी और पहाड़ी कोरवा कृषकों को आश्वासन दिया गया कि शासन प्रशासन प्रत्येक शासकीय योजनाओं को आपके द्वार तक पहुँचाने के लिये शत-प्रतिशत प्रतिबद्ध है। एस.डी.एम. बगीचा के द्वारा अपने पूरी टीम के साथ अभियान के तर्ज पर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। पूरे टीम के साथ पैदल यात्रा कर विभिन्न डबरी व जलस्त्रोतों के मेढ़ पर पौधारोपण का अनुरोध किया गया। भ्रमण से वापसी कर पहाड़ी कोरवा किसानों से मुलाकात कर प्राथमिक शाला बलादरपाठ में उपस्थित कृषकों से संयुक्त बैठक की कार्यवाही की गयी। बैठक के दौरान पहाड़ी कोरवा किसानों से एक-एक कर नाम पुकार कर उनकी समस्याओं की जानकारी लिया गया ताकि यथाशीघ्र निदान किया जा सके।

एस.डी.एम. बगीचा के द्वारा जनता के समक्ष उपस्थित होकर उनकी समस्त समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया और तत्संबंधी कार्यशील योजनाओं की समीक्षा किया गया एवं उपस्थित अधिकारियों को उनकी परिपूर्णता के लिये तत्काल निर्देशित किया गया। ग्राम कंदरई में तालाब निर्माण का निरीक्षण, बिजली, पानी की व्यवस्था का आकलन किया गया। ग्राम भ्रमण व योजनाओं की समीक्षा के समय एस.डी.एम. बगीचा के साथ तहसीलदार बगीचा सुश्री कमलावती सिंह, खण्ड चिकित्सा अधिकारी बगीचा श्री डॉक्टर सुनील लकड़ा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बगीचा ए.के. सिंह परिहार, खाद्य निरीक्षक बगीचा पटेल ,मंडल संयोजक बगीचा संतोष गुप्ता एवं हल्का पटवारी साथ रहे।

---

# तम्बाकू के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने लिया शपथ

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर के सभागार में विगत दिवस 13 जून को तम्बाकू के उपयोग के विरूद्ध शपथ ग्रहण समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा लिया गया है।

**खास बात**

- तम्बाकू के लगातार सेवन से कैंसर, टीबी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अस्थमा जैसे गंभीर रोग हो सकते हैं



शपथ लेते हुए अधिकारी कर्मचारी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.विपिन कुमार इंदवार ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि तम्बाकू के लगातार सेवन करने से न केवल कैंसर बल्कि अन्य रोग, जैसे टीबी उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अस्थमा, जैसे रोग होने का मुख्य कारण बनता है। समाज में व्यक्तियों मे स्वास्थ्य गुणक्ता लगातार गिरने तथा विकलांगता की बढ़ती संख्या का मुख्य कारण तम्बाकू सेवन है। यदि गर्भवती महिला प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से तम्बाकू का सेवन करती है तबकी स्थिति नवजात शिशु में कुपोषित विकलांगता होने की संभावना उच्च होती है। जिला चिकित्सालय के सायकोलॉजिस्ट डॉ.अबरार खान ने बताया है, तम्बाकू का सेवन मुख्यतः किशोरावस्था से प्रारंभ होता है। तम्बाकू में निकोटिन होने के कारण मतिष्क में डोपामाईन नामक हार्मोन निकलता है। जिसके कारण व्यक्ति को खुशी अथवा तनाव से मुक्ति का अनुभव होता है। परिणामतः व्यक्ति धीरे-धीरे लगातार तम्बाकू का सेवन करने हेतु निर्भर हो जाता हैं। तम्बाकू सेवन पर निर्भरता होने के पश्चात व्यक्ति तम्बाकू का सेवन छोड़ नही पाता है, इस स्थिति व्यक्ति को जिला चिकित्सालय जशपुर में सॉइकोथेरेपी तथा औषधियों के माध्यम से उपचार की सुविधा है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत नायक ने अहम भूमिका निभायी। कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपास्थिति दी।

## थैलेसीमिया पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**पत्त्थलगांव।** 28 छ. ग. बटालियन रायगढ़ के कमान अधिकारी करनल हेमंत झा के निर्देशन में शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य तथा महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अरविंद लकड़ा के मार्गदर्शन में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कार्यशाला के माध्यम से सिकल सेल एंड थैलेसीमिया की पृष्ठभूमि, आवश्यकता ,उद्देश्य ,लक्षण और विभिन्न माध्यमों से इस बीमारी के रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई और एनसीसी अधिकारी ने इस बीमारी की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों को बताया। जन जागरूकता पर फोकस करते हुए अतिथि वक्ता डॉ. रश्मिकर शर्मा द्वारा इस अनुवांशिक बीमारी को सरल शब्दों में समझाया तथा फैलने से रोकने के उपाय बताए। एनसीसी कैडेट्स को सिकल सेल तथा थैलेसीमिया जागरूकता पर निबंध तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी एनसीसी कैडेट्स एवं उपस्थित विद्यार्थियों को इस बीमारी से बचने ,जागरूक रहने, सतर्क रहने, और अपने आसपास जागरूकता फैलाने का संदेश दिया 1 इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# राष्ट्र भक्त युवाओं का उत्साह वर्धन करने पहुंचे सच्चिदानंद



सभा को संबोधित करते उपासने।

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागृह में आयोजित भारतमाता समिति के कार्यक्रम एवम भारत माता की महा आरती में सम्मिलित होने रायपुर से जशपुर पहुंचे लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिदानंद उपासने। उपासने भाजपा के कई पदों को भी सुशोभित कर चुके है।

यहां आयोजित कार्यक्रम में उद्बोधन के दौरान उन्होंने कहा कि इन काम उम्र के बच्चो में राष्ट्र प्रेम देखकर ऐसा महसूस हो रहा है कि देश के नवयुवक सही रास्ते पर चल रहे है। अब हमारा राष्ट्र सुरक्षित है। उपासने ने आगें कहा की हर युवा के अंदर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्र भक्ति होनी ही चाहिए। अभी के युवा मोबाइल और टीवी की संस्कृति में जी रहे है। हम सबका कर्तव्य बनता है की इन युवाओं को राष्ट्र प्रेम की ओर ले चलें।

समारोह में आरएसएस के नगर संचालक डॉ मयंक श्रीवास्तव ने अध्यक्षता की समारोह के विशिष्ट अतिथि शौर्य प्रताप सिंह जु देव रहे। कार्यक्रम में भारत माता समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश तिवारी, जिला अध्यक्ष शंकर ताम्रकार, महामंत्री विशाल नायक के साथ साथ कारण रौशन, वरुण सिंह, संतोषी नंदे, मंजू भगत वेद प्रकाश तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपासने ने जशपुर के मिशा बंदियों से मिलकर लोकतंत्र को बचाने में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए सम्मानित किया।

---

# मेडिकल कॉलेज की भूमि, नाला पर भू माफिया ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गंगापुर क्षेत्र में मेडिकल हब बनने की संभावनाओं के बीच अतिक्रमणकारियों में शासकीय जमीन पर कब्जा किए जाने की होड़ मची हुई है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि वे बेखौफ होकर शासकीय भूमियों पर कब्जा कर रहे है।

**खास बात**

- एक साथ दस अतिक्रमण हटाए गए, एसडीएम, ननि आयुक्त रहे मौजूद



अतिक्रमण हटाते अधिकारी।

इस बात का खुलासा आज नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। हैरानी की बात तो यह है कि अतिक्रमणकारियों के जमीन पर कब्जा जमाने के लिए रातों रात भवन का निर्माण कर लिया या फिर बाउंड्री वाल खींच दी लेकिन इस परिसर में कोई रहता नहीं है। लोगों ने मेडिकल कॉलेज की जमीन व नाला पर ही कब्जा कर लिया था। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई कर उन्हें जमींदोज कर दिया। बता दें कि शहर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है और आने वाले समय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भवन का निर्माण पूर्ण होते ही इस यह क्षेत्र एक मेडिकल हब के रूप में विकसित जाएगा। इसीलिए जिन लोगों कि इस क्षेत्र में जमीनें है वे अभी से मकान व दुकान निर्माण में लग गए है लेकिन इन सब के बीच भूमाफिया भी सक्रिय हो गए है और शासकीय जमीन पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है। लोगों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि पर ही कब्जा कर लिया। गुरुवार को एसडीएम फागेश सिन्हा, ननि आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत जब अतिक्रमण पर कार्रवाई करने पहुंचे तो वे भी हैरान रह गए। शहर के गंगापुर नाला पारा 1 में अतिक्रमणकारियों ने मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि में से 15 डिसमिल भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण किया गया था। इतना ही नहीं शासकीय बोरिंग, बरगद के पेड़ को भी बाउंड्री वाल कर कब्जा किया गया था। शासकीय बोरिंग में सबमर्सिबल पंप लगाया गया था लेकिन कार्रवाई के दौरान वहां कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। ऐसे में निगम द्वारा एसीएम की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर सभी घरों के ताले तोड़े गए और जांच के बाद एक साथ चार घरों को बुलडोजर चलाकर जमीदोज कर दिया गया।



# शादी समारोह से लौट रही नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

अंबिकापुर। शादी से घर लौट रही नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपचारी बालकों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 13 वर्षीया किशोरी 10 जून की रात शादी समारोह से अपने घर लौट रही थी। इस दौरान देर रात चार लोगों नाबालिग का अपहरण कर लिया और उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद नाबालिग बेहोश हो गई जिसके बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग निकले। लकड़ी को जब होश आया तो वह किसी तरह घर पहुंची और परिजन को घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन के साथ पहुंची किशोरी द्वारा घटना की शिकायत 11 जून को महिला थाना में की गई थी। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने 21 वर्षीय आकाश टोप्पो व 20 वर्षीय क्रिसमस टोप्पो समेत दो अन्य विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की जांच चल रही है। गुरुवार को कोर्ट में पेश कर दो आरोपी को जेल और नाबालिगों को बाल सुधार ग्रह भेज दिया गया है।

- दो विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

---

आवागमन के लिए हो रहा मालवाहक वाहनों का उपयोग

# बरगीडीह में पलटा बारातियों से भरा ट्रैक्टर, एक दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी लोग मालवाहक वाहनों से आवागमन करने से बाज नहीं आ रहे है। बीती रात भी लुंड्रा के बरगीडीह में बारातियों से भरा एक ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों को चोट आई है। हैरानी की बात तो यह है कि दुर्घटना की जानकारी अगले दिन तक पुलिस को नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड एक ग्राम कुदर के ग्रामीण शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम बरगीडीह आए हुए थे। ट्रैक्टर में 24 से 25 लोग सवार थे। रात को वापस लौटते समय लगभग 10.30 बजे गाजरमुड़ा के समीप चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर की ट्राली में बैठे दो दर्जन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना में महिलाओं, युवाओं व बच्चों समेत एक दर्ज लोग घायल हुए। गनीमत रही कि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी और पीएचसी में प्राथमिक उपचार



के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि शादी से लौटने के दौरान चालक शराब के नशे में धुत्त था और तेज गति से वाहन चला रहा था। वहीं देर रात हुई इस घटना की जानकारी किसी ने भी लुंड्रा पुलिस को नहीं थी। थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर दुर्घटना की जानकारी थाने में नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

### एक नर्स के भरोसे पीएचसी

बीती रात ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद एक बार फिर से बरगीडीह पीएचसी की अव्यवस्था सामने आई। बरगीडीह पीएचसी में घटना के बाद एक दर्ज से अधिक लोग घायल अवस्था में पहुंचे थे और इस दौरान अस्पताल में सिर्फ एक स्टाफ नर्स मौजूद थी जो लोगों का उपचार कर रही थी लेकिन ज्यादातर लोगों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा था जिससे उनमें रोष भी देखने को मिला। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। हालांकि इस मामले में बीएमओ डॉ. राघवेंद्र चौबे का कहना है कि बरगीडीह पीएचसी में पदस्थ आरएमए की ड्यूटी बरगीडीह के साथ ही धौरपुर में भी लगाईं जाती है। घटना के दौरान आरएमए धौरपुर पीएचसी में नाइट ड्यूटी पर थे। घटना के बाद उन्हें तत्काल बरगीडीह रवाना किया गया। वे स्वयं लगातार नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सक के सम्पर्क में थे। अस्पताल में किसी भी घायल को गंभीर चोट नहीं आई थी और उन्हें समय पर उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

# नवपदस्थ एसपी योगेश ने संभाला कार्यभार

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले के कानून व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं एसपी ने रेंज के आईजी अंकित गर्ग से मुलाकात की। बता दें कि बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना के बाद सरगुजा के एसपी विजय अग्रवाल को बलौदा बाजार स्थानांतरित किया गया है जबकि उनके स्थान पर सरगुजा जिले में योगेश पटेल को भेजा गया है।